पंजाब केसरी 10/12/2024

बाल विवाह के खात्मे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है युवा वर्ग : डा. रोहित दत्त

अम्बाला छावनी बस अड्डे पर बाल विवाह उन्मूलन के लिए नुक्कड़ नाटक करते जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 9 दिसम्बर (बलराम): शहर स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के विद्यार्थियों ने बाल विवाह उन्मूलन के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है और इसके खात्मे में युवा वर्ग ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। नाटक को निर्देशित करवाने में सांस्कृतिक विभाग के संयोजक डा. राजेन्द्र देशवाल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साह के साथ रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डे अम्बाला छावनी में प्रस्तुति देकर लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह की प्रथा को एक अभिशाप बताते हुए कोढ़ रूपी इस प्रथा को जड़ से मिटाने के लिए सभी युवाओं को खुलकर इसका विरोध करने की अपील की।

उन्होंने जोर देकर कहा कि बाल विवाह के उन्मूलन के लिए सामाजिक सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। उपस्थित जनसमूह ने प्रस्तुति की खूब प्रशंसा की।